राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़
Email:- registrar.rmpu@gmail.com

पत्रांकः–आर०एम०पी०यू०/ 253/2024 दिनांकः– 31 जनवरी, 2024

सेवा में,

समस्त प्राचार्य/प्राचार्या
सम्बद्ध महाविद्यालय,
राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़।

विषयः प्रयोगात्मक परीक्षा सम्पन्न कराने के सम्बन्ध में।

महादेय,

कृपया उपर्युक्त विषयक विश्वविद्यालय के पत्र संख्या आर०एम०पी०यू०/132/2024 दिनांक 20.01.2024 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। जिसमें विषम सेमेस्टर की प्रयोगात्मक परीक्षाएं दिनांक 05.02.2024 तक सम्पन्न कराने हेतु निर्देशित किया गया था।

आज दिनांक 31.01.2024 को प्रयोगात्मक परीक्षा के प्राप्त डाटा का परीक्षण करने पर पाया गया कि अभी भी प्रयोगात्मक परीक्षा की गति धीमी है। ऐसी स्थिति में परीक्षाफल घोषित करने में अत्यंत विलम्ब होगा तथा विश्वविद्यालय का शैक्षणिक सत्र पिछड़ जायेगा। धीमी गति पर मा0 कुलपति जी द्वारा अप्रसन्नता व्यक्त की गयी है।

निर्देशानुसार अपेक्षा की जाती है कि समस्त प्रयोगात्मक परीक्षाएं दिनांक 10.02.2024 तक प्रत्येक दशा में पूर्ण करा ली जाये। यदि किसी महाविद्यालय की प्रयोगात्मक परीक्षाएं निर्धारित तिथि तक पूर्ण नहीं हो पाती है तो ऐसे महाविद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों का परीक्षाफल MW अंकित करते हुए घोषित कर दिया जायेगा जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व सम्बन्धित महाविद्यालय का होगा।

भवदीय

31/1/24

डा0(महेश कुमार)
कुलसचिव

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः–

1. मा0 कुलपति जी, राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़।
2. संकायाध्यक्ष/संयोजक, राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़।
3. प्रभारी वेबसाइट को समस्त महाविद्यालयों के लागिन पर अपलोड किये जाने हेतु।
4. स्थानीय सम्पादक, समस्त समाचार पत्र को इस अनुरोध के साथ कि अपने सम्मानित समाचार पत्र में जनहित में निशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।
5. गार्ड फाईल।

31.01.24

उप कुलसचिव

Scanned with OKEN Scanner